**Dainik Bhaskar (Indore), 07th December 2010, Page-14**

# आईआईटी जमीन का जल्द निपटारा करें -केंद्र

**नई दिल्ली** | केंद्र ने नए आईआईटी के लिए चयनित राज्यों से इन संस्थानों के लिए जमीन समेत अन्य सभी विवाद जल्द से जल्द निपटाने को कहा है। केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री कपिल सिब्बल की अगुआई में सोमवार को इस मसले पर हुई बैठक में राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात सहित संबद्ध राज्यों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में जहां राजस्थान ने केंद्र को आईआईटी जोधपुर के लिए 23 दिसंबर तक 875 एकड़ जमीन मुहैया कराने का भरोसा दिलाया, वहीं इंदौर और गांधीनगर में प्रस्तावित आईआईटी संस्थानों के लिए मध्यप्रदेश और गुजरात ने दिसंबर तक अपने हिस्से की आधी जमीन मुहैया कराने की बात कही है। इन दोनों संस्थानों के लिए शेष जमीन केंद्र सरकार की ओर से मुहैया कराई जाना है।